## समंदर से अगवा हुए नाविक, गुस्साए दक्षिण कोरिया ने तैनात कर दिया युद्धपोत

सोल (आरएनएस)। दक्षिण कोरिया ने समुद्री दस्युओं की ओर से अपने देश के तीन नाविकों को अगवा किये जाने की घटना के बाद घाना के समुद्र तट की तरफ जल दस्यु रोधी एक युद्धपोत तैनात किया है. सोल के विदेशी मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी. गत सोमवार को अज्ञात समुद्री दस्युओं ने 40 घाना निवासियों और तीन दक्षिण कोरियाई नागरिकों के साथ500 टन वाला मरीन-711 पोत अपने कब्जे में ले लिया. समुद्री दस्युओं ने तीन दक्षिण कोरियाई नागरिकों को अगवा किया और तेज रफ्तार वाली एक नौका में सवार होकर फरार हो गये. वे अभी कहां है इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है.

## ड्रोन से आईफोन की तस्करी करने वाले गिरोह का हुआ भंडाफोड़

पेइचिंग (आरएनएस)। चीनी अधिकारियों ने एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसने 50 करोड़ यूआन (करीब 5 अरब 18 करोड़ रुपए) के आईफोन की तस्करी देशभर में की है। ताज्जुब की बात यह है कि आईफोन की तस्करी ड्रोन के जरिए की गई। लीगल डेली की रिपोर्ट के अनुसार, शेनझेन कस्टम्स ने एक आपराधिक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो शेनझेन-हॉन्ग कॉन्ग सीमा क्षेत्र में सामान्य रूप से 'फ्लाइंग लाइन' के रूप में जाने वाले मानव रहित ओवरहेड लाइन का उपयोग करके आयातित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तस्करी करता था। बताया जा रहा है कि इस मामले में अब तक 26 संदिग्धों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## राजनयिकों के निष्कासन के मामले में रूस और ब्रिटेन में ठनी

मॉस्को (आरएनएस)। रूसी डबल एजेंट सर्गेई स्क्रीपल और उसकी बेटी पर लंदन में रासायनिक गैस हमले के बाद विश्व के अनेक देशों में रूसी राजनयिकों को निष्कासित किए जाने के बाद रूसी विदेश मंत्रालय ने ब्रिटिश सरकार को साफ तौर पर कह दिया है कि वह अपने 50 प्रतिशत से अधिक राजनयिकों तथा तकनीकी स्टाफ को तत्काल यहां से वापस बुलाए।

विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन से यह स्पष्टीकरण भी मांगा है कि लंदन में रूसी एयरलाइंस के यात्री विमान की जांच क्यों की गई थी और इस तरह की कार्रवाई का अधिकार उसके पास भी है। इसके अलावा रूसी नागरिकों को ब्रिटेन की यात्रा पर जाने से पहले सावधानी बरते जाने की सलाह देते हुए कहा गया कि वहां उनके साथ काफी बुरा बर्ताव हो सकता है। गौरतलब है कि जासूस गैस प्रकरण के बाद पश्चिमी देशों ने रूस के 100 से अधिक राजनयिकों को निकाल दिया है। रूस का कहना है कि उसके डबल एजेंट पर जिस तरह का हमला किया गया है वह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की पहली घटना है जिसमें किसी पर इस तरह के रसायन का इस्तेमाल किया गया है। इस बीच रूस ने कहा है कि यह पश्चिमी देशों की साजिश है कि वे रूस को राजनयिक स्तर पर अलग थलग करना चाहते हैं।

## दक्षिण कोरिया-अमेरिका ने शुरू किया संयुक्त सैन्य अभ्यास

### उत्तर कोरिया ने नहीं डाला अड़ंगा

सोल (आरएनएस)। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने रविवार को अपना संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच यह सैन्य अभ्यास कोरियाई प्रायद्वीप में राजनयिक संबंधों में सुधार के संकेत मिलने के बीच शुरू हुआ है। दरअसल उत्तर कोरिया अक्सर दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास की आलोचना करता रहा है, लेकिन इस बार वह इस सैन्य अभ्यास को लेकर चुप है।

योनहैप समाचार एजेंसी के अनुसार, यह सैन्य अभ्यास 4 हफ्तों तक चलेगा, जिसमें दक्षिण कोरिया के 3 लाख सैनिकों के अलावा 11,500 अमेरिकी शामिल होंगे।

## कम्यूनिकेशन सैटेलाइट जीसैट-6ए से टूटा संपर्क, इसरो ने की पुष्टि

### मिशन को झटका

बेंगलुरु (आरएनएस)। ताकतवर कम्यूनिकेशन सैटेलाइट जीसैट-6ए की गुरुवार को हुई लॉन्चिंग के बाद अब एक बुरी खबर है। शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का इस संचार उपग्रह से संपर्क टूट गया है। इसे वैज्ञानिकों के साथ-साथ सशस्त्र सेनाओं के लिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है। भारतीय सेना के लिए संचार सेवाओं को मजबूत बनाने वाले महत्वाकांक्षी जीसैट-6ए का गुरुवार शाम श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपण हुआ था। लेकिन 48 घंटे से कम वक्त में ही इस मिशन को झटका लगा है। इसरो की तरफ से बयान में कहा गया है, सफलतापूर्वक काफी देर तक फायरिंग के बाद जब सैटेलाइट तीसरे और अंतिम चरण के तहत 1 अप्रैल 2018 को सामान्य ऑपरेटिंग की प्रक्रिया में था, इससे हमारा संपर्क टूट गया। सैटेलाइट जीसैट-6ए से दोबारा लिंक के लिए लगातार कोशिश की जा रही है।

# सुरक्षाबलों ने तीन मुठभेड़ों में मार गिराए 10 आतंकी



श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों को रविवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। घाटी के अनंतनाग में एक और शोपियां में दो मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों 10 आतंकवादियों को मार गिराया है, जबकि एक को जिंदा गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आतंकवादी हिज्बुल मुजाहिदीन गुट का बताया जा रहा है। सुरक्षा बलों को अनंतनाग और शोपियां में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया।

बताया जा रहा है कि शोपियां की कार्रवाई में हिज्बुल का कमांडर जीनत-उल-इस्लाम भी मारा गया है लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। जम्मू कश्मीर के डीजीपी शेष पॉल वैद्य ने बताया कि अनंतनाग के डायलगाम में एक आतंकवादी मारा गया और एक को जिंदा गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मृतक आतंकवादी स्थानीय था और पुलिस तथा उसके परिवारवालों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसने आत्मसमर्पण नहीं किया। उन्होंने बताया कि शोपियां में दो मुठभेड़ों में 8 आतंकवादी मारे गए हैं, जिनमें कई शीर्ष कमांडर शामिल हैं। द्रागड में मारे गए आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि शोपियां के द्रागड में लश्कर और हिज्बुल के आतंकवादी मीटिंग कर रहे थे। सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना मिलने के बाद कार्रवाई की। सेना के दो जवानों के घायल होने की भी सूचना मिल रही है। वैद्य ने बताया कि शोपियां के काचदोरा में अभी मुठभेड़ चल रही है और यहां 4 से 5 आतंकवादी छिपे हुए हैं। कुछ नागरिक फंसे हुए हैं। उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इलाके में सुरक्षा बलों का अभियान अभी जारी है। आपको बता दें, शनिवार को पुलवामा जिले में शनिवार शाम आतंकवादियों ने विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) मोहम्मद अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## पाकिस्तान ने 52 मछुआरों को किया गिरफ्तार, 8 नौकाएं भी कीं जब्त

कराची (आरएनएस)। पाकिस्तान ने हाल ही में 52 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। कहा जा रहा है कि उसने अपने जलक्षेत्र में कथित तौर पर भटक कर प्रवेश कर जाने को लेकर मछुआरों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय मछुआरों के इस समूह को बृहस्पतिवार रात पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा बल द्वारा गिरफ्तार किया गया। मछुआरों के अलावा 8 नौकाओं को भी पाकिस्तान ने जब्त कर लिया है। एक न्यायिक दंडाधिकारी ने 52 भारतीय मछुआरों को न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। अधिकारी ने आगे बताया कि उन्हें यहां मलीर जेल में रखा जाएगा। गिरफ्तार किए गए ज्यादातर लोग गुजरात के तटीय इलाके दांडी स्थित एक गांव से हैं।

## तनाव के बीच बीजेपी नेताओं का दौरा, अमित शाह को सौंपेंगे रिपोर्ट

### आसनसोल हिंसा



कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में रामनवमी के बाद भड़की सांप्रदायिक हिंसा से हालात तनावपूर्ण हैं। इस बीच रविवार को प्रभावित इलाकों में बीजेपी नेताओं की टीम पहुंच रही है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री और आसनसोल से बीजेपी सांसद बाबुल सुप्रियो ने यहां का दौरा किया था।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने प्रभावित इलाकों का जायजा लेने के लिए बीजेपी नेताओं की चार सदस्यीय कमिटी बनाई है। दिल्ली से यह प्रतिनिधिमंडल आसनसोल के लिए रवाना हो चुका है। इस टीम में ओम माथुर, शाहनवाज हुसैन, रूपा गांगुली और बीडी माथुर शामिल हैं। इलाके का दौरा करने के बाद यह टीम अमित शाह को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

## दो बेटियों के साथ मां ने खुद को लगाई आग, तीनों की मौत

जयपुर (आरएनएस)। डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा थाना क्षेत्र की इंदिरा कॉलोनी में एक दिलदहलाने वाली घटना सामने सामने आई है. यहां रविवार को एक महिला ने अपनी दो बेटियों समेत खुद पर केरोसीन उड़ेलकर आग लगी.

आग में तीनों की झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई.

मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है.

## अश्विनी चौबे के बेटे अरिजित का सरेंडर, 14 दिन की न्यायिक हिरासत



पटना (आरएनएस)। बिहार के भागलपुर में भड़की हिंसा के आरोपी और केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के पुत्र अरिजित शाश्वत ने शनिवार को पटना में सरेंडर कर दिया। बाद में पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। एक धार्मिक जुलूस निकाले जाने के बाद भागलपुर में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। इस मामले में स्थानीय अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज कर दी थी। इस बीच गिरफ्तारी के बाद अरिजित को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

सरेंडर करने से पहले 38 वर्षीय शाश्वत ने कहा, मैं सरेंडर करने जा रहा हूं। हम उच्च अदालत में भी जाएंगे। मेरे खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर फर्जी है। अरिजित ने इससे पहले सरेंडर करने से इनकार करते हुए कहा था कि वह भगोड़े नहीं हैं। पटना के हनुमान मंदिर इलाके में एक पुलिस स्टेशन के बाहर उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया।

नीतीश का करते हैं सम्मान

शनिवार को अडिशनल जिला और सत्र न्यायालय के जज कुमुद रंजन ने एक लाइन के आदेश में शाश्वत की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। पिछले हफ्ते ही भागलपुर सांसद अश्विनी चौबे के पुत्र अरिजित और आठ अन्य लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी का वॉरंट जारी हुआ था।

## पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, 6 लोगों की दर्दनाक मौत

गोरखपुर (आरएनएस)। गोरखपुर के बांसगांव इलाके के माल्हनपार के पास रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा सामने आया. जहां तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में कार सवार 6 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को कार से बाहर निकाला. इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है. जिससे इलाज के लिए गोरखपुर जिला अस्पताल भेजा गया है. पुलिस ने शवों कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

पुलिस के मुताबिक गाड़ी संख्या एमएच 02 एमए 8466 सेंट्रो कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के कारण सड़क के बगल गड्ढे में जा गिरी. जहां कार में सवार 6 लोगों की तत्काल मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही हैं. मौके पर पहुंची बांसगांव थाने की पुलिस ने घायल को बांसगांव सीएचसी पहुंचाया. जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है.मृतकों की पहचान गगहा थाना क्षेत्र के चंवरिया के रहने वाले मुनेश्वर शर्मा के परिवार के रूप में हुई है. उनकी बड़ी बेटी की शादी मालहनपार के पास परसा में हुई है. उसकी तबियत खराब है. उसी को देखने पूरे परिवार के साथ मुनेश्वर शर्मा सेंट्रो कार से परसा गए थे. देर रात वापस लौटते समय गाड़ी पेड़ से टकरा कर पलट गई.

कार सवार मुनेश्वर शर्मा 65 वर्ष, मुनेश्वर की पत्नी माधुरी, मुनेश्वर के भाई दिलीप की बेटियां तान्या 12 वर्ष और हर्षिता 8 वर्ष, भतीजा राकेश 25 वर्ष, मुनेश्वर के बेटे पंकज 20 वर्ष की मौत हो गई. मुनेश्वर के भाई दिलीप शर्मा 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हैं.

पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है. मौत की सूचना मिलते ही परिजनों के घर में कोहराम मच गया.

## मारे गए 39 भारतीयों के शवों को लाया जाएगा अमृतसर

### वीके सिंह इराक रवाना



नई दिल्ली (आरएनएस)। इराक में मारे गए 39 भारतीयों के शवों को भारत लाने के लिए विदेश राज्य मंत्री वीके सिंह आज इराक रवाना हो गए है। इराक से विशेष विमान से उनके शवों को लाया जाएगा, विमान को अमृतसर में उतारा जाएगा। उसके बाद सरकार शवों को उनके परिवार तक पहुंचाएगी।

वीके सिंह ने कहा, मारे गए 39 भारतीयों के अवशेषों को लाने के लिए मैं इराक के लिए निकल रहा हूं। वहां से आने के बाद पहले अमृतसर, फिर कोलकाता और फिर पटना जाकर उनके परिजनों को अवशेष सौंपूंगा। इस बारे में मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। हाल ही में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने संसद में इस बात की पुष्टि की थी कि इराक के मोसुल से अगवा किए गए 39 भारतीयों को मार दिया गया था।

## पेपर से 15 मिनट पहले दो टीचर्स ने लीक किया था 12वीं का पेपर

नई दिल्ली (आरएनएस)। सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा के पेपर लीक होने के मामले का दिल्ली पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच का कहना है कि उसने एक निजी स्कूल के दो टीचर्स और एक कोचिंग सेंटर के मालिक को अरेस्ट किया है, जो पेपर लीक के लिए जिम्मेदार हैं। पुलिस के मुताबिक, टीचर्स ने सुबह 9:15 बजे पेपर की तस्वीर ली और उसे कोचिंग सेंटर के मालिक को भेज दिया। इसके बाद कोचिंग सेंटर मालिक ने इस पेपर को छात्रों को पास कर दिया। क्राइम ब्रांच के मुताबिक आरोपियों की पहचान निजी स्कूल के शिक्षकों ऋषभ और रोहित के तौर पर की गई है, जबकि तौकीर नाम का तीसरा आरोपी बवाना में एक कोचिंग सेंटर में ट्यूटर है। पुलिस के मुताबिक पेपर के फोटो के साथ ही उसकी हाथ से लिखी हुई कॉपी भी सर्कुलेट हो रही थी। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और कुछ अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## कार के टक्कर मारने से इमारत गिरी, 10 लोगों की मौत



### कई मलबे में फंसे

इंदौर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में शनिवार रात को कार के टक्कर मार देने से एक चार मंजिला होटल की इमारत ढह गई। इस भीषण हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक कम से कम 20 लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि यह हादसा सरवटे बस अड्डे के पास हुआ। पुलिस और एनडीआरएफ की टीम राहत एवं बचाव कार्य में लगी है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के परिवार वालों को दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है।

## अब शादियों पर चुनाव आयोग की नजर

### बीपीएल परिवारों के लिए मुसीबत



बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के ऐलान के साथ ही 27 मार्च को आदर्श चुनाव आचार संहिता लग गई। उम्मीदवारों के खर्च पर नजर रखने के साथ ही अब राज्य में चुनाव से पहले हो रही शादियों पर भी चुनाव आयोग की पैनी नजर है। कर्नाटक में अप्रैल और मई शादी के लिहाज से पीक सीजन है। खास तौर पर आयोग के अधिकारियों की ऐसी शादियों पर निगाह है, जिनमें राजनेता और उनके समर्थक शामिल हो रहे हैं। इसकी वजह भी है। अक्सर ऐसी शादियों में नेता अपने वोटरों को मुफ्त उपहार भी बांटते रहे हैं। वहीं, गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवारों की शादी में नई मुसीबत खड़ी हो गई है।

कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी के दफ्तर के एक अधिकारी ने बताया, मैरिज और कम्युनिटी हॉल चलाने वालों को हमसे ऐसी शादियों के बारे में पहले से इजाजत लेनी होगी, जिनमें नेता शामिल हो रहे हैं।

## चीनी अंतरिक्ष स्काईलैब का मलबा कल वायुमंडल में करेगा प्रवेश

बीजिंग (आरएनएस)। चीनी अंतरिक्ष स्काईलैब तियानगोंग-एक का मलबा कल पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करेगा लेकिन इसके गिरने के सही समय और स्थान के बारे में अभी तक कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। जानकारी के अनुसार यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि मलबा किस स्थान पर गिरेगा लेकिन कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि जैसे ही इसके अवशेष वायुमंडल में प्रवेश करेंगे तो उनका अधिकांश हिस्सा जल कर राख हो जाएगा।

यह भी कहा गया है कि मलबे का भारी टुकड़ा धरती पर नहीं पहुंच पाएगा। दक्षिण कोरियाई संवाद समिति योनहाप के अनुसार मलबे के कल सुबह 7:26 बजे से दिन में 3:26 बजे के बीच वायुमंडल में प्रवेश करने की उम्मीद है।